# हरियाणा विधान सभा

(28 दिसंबर, 2022 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)

## तारांकित प्रश्न

## 28 दिसंबर, 2022

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### उपरि पुल का पुनर्निर्माण करना

***41 श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( कोसली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या कोसली उपरि पुल का पुनर्निर्माण करने तथा कोसली बाईपास का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई या की जाने की संभावना है ?

----

### अनुसंधान केन्द्र खोलना

***42 श्री धर्मपाल गोंदर (नीलोखेडी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या वर्ष 2015 में तरावड़ी में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पृथ्वीराज चौहान के नाम पर एक अनुसंधान केन्द्र खोलने की घोषणा की गई थी; तथा
(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त घोषणा के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

----

## कार्यों को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के सुपुर्द करना

***43 श्री राम करण (शाहबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य के गांवों के पंचायती राज विभाग द्वारा टयूबवैल्ज, पाइपलाइन की मरम्मत तथा टयूबवैल ऑपरेटरों की नियुक्ति जैसे कार्य किए जा रहे हैं; तथा

(ख) क्या उपरोक्त कार्यों को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सुपुर्द करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## शिक्षकों की कमी को पूरा करना

***44 श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि बाढड़ा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के निम्नलिखित राजकीय विद्यालयों में स्वीकृत पदों पर शिक्षकों की कमी पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं:-

(i) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चांदवास;
(ii) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आदमपुर दाडी;
(iii) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हंसावास कलां;
(iv) राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाढड़ा;
(v) राजकीय उच्च विद्यालय, खोरडा;
(vi) राजकीय उच्च विद्यालय, बलकरा;
(vii) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बेरला; तथा
(viii) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नौरंगाबास राजपूतान ?

----

## नहर की पटरियों को पक्का करना

***45 डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जींद शहर में आर.डी. 188000 से आर.डी. 198000 तक हांसी ब्रांच की नहर की पटरियों को पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त नहर की पटरियों के कब तक पक्का किया जाने की संभावना है ?

----

## सार्वजनिक कार्यों पर लागू अनुसूचित दरें

***46 डॉ. अभय सिंह यादव ( नांगल चौधरी):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) सरकार द्वारा सार्वजनिक कार्यों पर लागू अनुसूचित दरें किस तिथि को संशोधित की गई थी तथा सामान्य रूप से तथा विशेषकर मिट्टी के कार्यों के लिए ऐसे संशोधनों का आधार क्या है;
(ख) संशोधित अनुसूचित दरों पर 31 अक्तूबर, 2022 तक प्राप्त हुई दरों में कमी/वृद्धि की औसत प्रतिशत क्या है तथा पूर्व संशोधित अनुसूचित दरों पर ऐसी दरों में वृद्धि की औसत प्रतिशत क्या है; तथा
(ग) अकेले लोक निर्माण विभाग के वार्षिक बजट में इतनी वृद्धि को पूरा करने के लिए अपेक्षित शुद्ध अतिरिक्त राशि कितनी है ?

----

## मौत की घटनाओं की कुल संख्या

***47 श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों में जनवरी, 2015 से 30 नवम्बर, 2022 तक सीवरेज के पानी/खुली ड्रेनों /क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण हुई मौत की घटनाओं की कुल संख्या कितनी है;
(ख) उक्त कारणों की वजह से हुई ऐसी मौतों के लिए उत्तरदायी अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) क्या मृतक व्यक्तियों के पीड़ित परिवारों, जिनकी मौत उपरोक्त कारणों की वजह से हुई है, को सरकार द्वारा कोई आर्थिक सहायता दी गई है या दिए जाने की संभावना है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## लड़कों के राजकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण करना

***48 राव चिरंजीव ( रेवाड़ी):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि रेवाड़ी में लड़कों के लिए राजकीय महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

----

## निर्माण कार्य पूरा करना

***49 श्री जोगी राम सिहाग ( बरवाला):**

क्या कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री कृपया बताएंगे कि गांव बडोपटी में स्वीकृत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है तथा

उपरोक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा बढ़ाना

*50 **श्रीमती निर्मल रानी (गन्नौर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ाकर उपमंडल अस्पताल के रूप में करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय के भवन का निर्माण करना

*51 **श्री राजेंन्द्र् सिंह जून ( बहादुरगढ़):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि बहादुरगढ़ विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव नूना माजरा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भवन जर्जर हो गया है;
(ख) यदि हां, तो क्या विद्यालय के उक्त पुराने भवन के स्थान पर नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ग) क्या ग्राम पंचायत नुना माजरा के उक्त विद्यालय के पीछे की ओर स्थित ग्राम पंचायत नुना माजरा की आधा एकड़ भूमि जिसे ग्राम पंचायत द्वारा उक्त विद्यालय के नाम हस्तांतरित कर दी गई है, में जल निकासी व्यवस्था करके खेल स्टेडियम को विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## सीवरेज तथा पीने के पानी की पाइपलाइन बदलना

*52 **भव्य बिश्नोई ( आदमपुर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि आदमपुर मंडी में क्षतिग्रस्त सीवरेज तथा पीने के पानी की पाइप लाइन को बदलने के लिए 5378.73 लाख रूपये तथा 3017.30 लाख रूपये की परियोजनाएं सरकार द्वारा स्वीकृत की गई हैं;
(ख)सरकार द्वारा इन परियोजनाओं के लिए निविदाएं कब तक आमंत्रित किए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त कार्यों के कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है;
(ग) क्या यह तथ्य है कि चाबरवाल, भोडिया खेड़ा, सादलपुर, आदमपुर, कबरेल, ढोभी में महात्मा गांधी बस्ती, बीड़, धनडूर, झीरी तथा पीरांवाली गांवों में पेयजल की भारी समस्या है; यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) क्या गांव सादलपुर तथा चंदन नगर में जलघर का निर्माण तथा गांव असरावन के जलघर में पानी की टंकी की मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## बेरोजगार युवाओं को पंजीकरण के अवसर उपलब्ध करवाना

*53 **श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या कौशल विकास एंव औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या राज्य के बेरोजगार शिक्षित युवाओं को हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा पंजीकरण के अवसर उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## नवोदय विद्यालय खोलना

*54 **श्री नयन पाल रावत ( पृथला):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या पृथला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नवोदय विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ग्राम दर्शन योजना पोर्टल पर कार्यों की संख्या

*55 **श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा ग्राम दर्शन पोर्टल पर अब तक प्राप्त हुए अनुरोधों की संख्या कितनी है तथा अब तक इस पोर्टल द्वारा पूर्ण किए गए कार्यों की संख्या कितनी है ?

----

## नई ठोकरों का निर्माण करना

*56 **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि समालखा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत यमुना नदी में पडने वाले गांव राणा माजरा से सीमलगढ़ तक 25 किलोमीटर के क्षेत्र में निर्मित ठोकरें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त क्षेत्र में नई ठोकरों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव

सरकार के विचाराधीन है ताकि साथ लगते गांवों को बाढ़ से बचाया जा सके ?

----

## आवेदन शुल्क के रूप में जमा की गई कुल राशि

***57** **श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि गत 8 वर्षों के दौरान (अक्तूबर 2014 से अक्तूबर 2022) राज्य में एच.एस.एस.सी. तथा एच.पी.एस.सी. में भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन शुल्क के रूप में आवेदकों द्वारा जमा की गई कुल राशि कितनी है तथा वर्षवार ब्यौरा क्या है ?

----

## डी.ए.पी./यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाना

***58** **चौ. आफताब अहमद (नुहं):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) राज्य के किसानों को वर्तमान वर्ष के दौरान खरीफ की फसलों की जोताई करने के लिए डी.ए.पी./यूरिया की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध न कराने के क्या कारण हैं; तथा
(ख) क्या राज्य में डी.ए.पी./यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा इसकी कालाबाजारी को रोकने के लिए सरकार द्वारा कोई प्रयास किए जा रहे हैं; यदि हां, तो इस मामले में सरकार द्वारा उठाए गए पगों का जिलेवार ब्यौरा क्या है ?

----

## सड़े हुए अनाज की कुल मात्रा

***59** **राव दान सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) पिछले 7 वर्षों के दौरान राज्य में सरकार के गोदामों में सड़े/खराब अनाज की कुल मात्रा कितनी है तथा इसका कारण क्या है तथा उपरोक्त सड़े/खराब अनाज का कुल मूल्य कितना है; तथा
(ख) क्या उक्त अनाज विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण सड़ गया है; यदि हां, तो ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

----

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों का ब्यौरा

***60** **चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के 80 गांवों के लिए 273 करोड़ रूपये कार्य प्रारम्भ तिथि 19.04.2017 तथा समापन तिथि

31.10.2020. के साथ सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया था; तथा

(ख) यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत ट्रैंच की मरम्मत सहित पूर्ण किए गए कार्यों का ग्रामवार ब्यौरा क्या है ?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**दिनांक 28 दिसंबर, 2022.** **सचिव**